>

Title: Need to construct by pass road to avoid traffic from entering Agra, Uttar Pradesh.

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद । अमेरिका के लोकप्रिय राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी ने कहा था कि अमेरिका पैसे वाला देश है, इसलिए उसने सड़कें नहीं बनाईं । उसने पहले सड़कें बनाईं, इसलिए वह बाद में पैसे वाला देश हो गया । सड़कों का बड़ा महत्व है ।

मैडम, सड़क परिवहन मंत्री 10 दिसम्बर, 2016 को आगरा आए थे । आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, मार्ग व बाईपास का उन्होंने शिलान्यास किया । वह बाईपास बन गया, फर्राटे से उस पर गाड़ियां चल रही हैं । उसी दिन उन्होंने मेरे निवेदन पर एक घोषणा की थी कि फिरोजबाद, जलेसर होते हुए हाथरस सड़क को चौड़ा किया जाएगा । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उस पर अभी कोई काम नहीं हुआ है । इसी प्रकार से 23 जनवरी, 2019 को माननीय मंत्री जी ने आगरा-जलेसर मार्ग का शिलान्यास किया, लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है । आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहुत जाम लगता है, हम उसके लिए फोर लेन बनाने की मांग करते हैं । इसी प्रकार माननीय मंत्री जी ने आगरा उत्तरी बाइपास के लिए घोषणा की थी ।

दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में से आगरा एक है, लेकिन उसका कारण उद्योग नहीं है । सुप्रीम कोर्ट ने टीटीजेड की वजह से उद्योग पर रोक लगा रखी है । जो उद्योग हैं, वे गैस पर आधारित हैं । हमारे यहां प्रदूषण का कारण तमाम राष्ट्रीय राजमार्ग और राजमार्ग आगरा से होकर गुजरते हैं, जिससे हजारों ट्रकों को, जिन्हें आगरा नहीं आना होता है, लेकिन आगरा से होकर निकलते हैं,

अगर उत्तरी बाइपास बन जाएगा तो हजारों ट्रक आगरा के बाहर निकल जाएंगे और प्रदूषण कम हो जाएगा ।

मैं उत्तरी बाइपास के शीघ्र बनाने के लिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन कर रहा हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।